# बेटियों की आवाज दबा रही केंद्र सरकार

## पहलवानों को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन करेगी कांग्रेस

### यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव चौहान ने सरकार पर उठाए कई सवाल



पत्रकारों से वार्ता करती युकां राष्ट्रीय सचिव अभव्या चौहान

उत्तर उजाला संवाददाता

**हल्द्वानी।** केंद्र सरकार द्वारा जिस तरह का रवैया भारतीय पहलवानों के साथ किया जा रहा उससे सरकार की मंशा पर कई सवाल उठ रहे हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा की सरकार खुद बेटियों की आवाज को दबाया जा रहा है। यह बात यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तराखंड सह प्रभारी अभव्या चौहान ने गुरुवार को स्वाराज आश्रम में प्रेस वार्ता करते हुए कही। राष्ट्रीय सचिव चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार भारतीय पहलवानों के साथ बर्बरतापूर्वक तरीके से पेश आ रही है। उनकी जायज मांगों को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। देश का गौरव और मान बढ़ाने वाली बेटियों के समक्ष अपने मैडल गंगा में बहाने की नौबत आ गई है। देश के लिए इससे बड़े दुर्भाग्य की बात और क्या होगी। उन्होंने कहा देश के पहलवानों द्वारा लाये हुए मेडलों की 15 रुपए कीमत बताने वाले बृजभूषण को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा उत्तराखंड में हुए अंकित भंडारी मर्डर केस में सरकार ने उन वीआईपी के नाम भी उजागर नहीं किये हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। वही दिल्ली में हुए साक्षी हत्याकांड ने महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है। सरकार के महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किये जा रहे सारे दावे खोखले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा जब तक देश के पहलवानों व महिलाओं को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक युवा कांग्रेस इस मुद्दे को मजबूती से उठाते रहेगी। वार्ता के दौरान मीमांशा आर्या, प्रदीप नेगी, राजू रावत, हर्षित भट्ट, गौरव जायसवाल, प्रवीण भट्ट, मोकिन सैफी, राधा आर्य, निखिल कुमार, विनोद कुमार, मनीष आदि मौजूद रहे।

## बाघ ने दिनदहाड़े बकरी को मारा, लोगों में दहशत

**भीमताल।** नौकुचियाताल, शिलौटी व चनौती में बाघ का आतंक कम नहीं हो रहा है। बाघ ने गुरुवार की सुबह शिलौटी गांव में दुर्गादत्त सनवाल की घर के समीप से बकरी को उठा ले गया। दुर्गादत्त सनवाल ने बताया कि बाघ उनके सामने से बकरी को उठा ले गया। हालांकि शोरगुल व पत्थरों से भगाने के बाद बाघ बकरी को छोड़ गया। दिन दहाड़े बाघ घर के समीप आने से क्षेत्र में जबरदस्त डर बना है। सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। बता दें पिछले एक माह से शिलौटी से लगा चनौती गांव में एक बाघिन व उसके दो बच्चे दिखाई दे रहे हैं। इधर क्षेत्र के पूर्व बीडीसी सदस्य दुर्गा दत्त पलड़िया ने वन विभाग से बाघ के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस पहल की मांग की है। बताया क्षेत्र के लोग अकेले बाहर आने-जाने से डर रहे हैं। क्षेत्र में पिछले एक माह से बाघ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते हर वक्त अनहोनी घटना की शंका की चिंता भी ग्रामीणों को सताती है। उन्होंने वन विभाग समेत प्रशासन से इस संबंध में जल्द ठोस पहल की मांग की है।

# हल्द्वानी फाउंडेशन, हिमालयन एकेडमी जीएनजी एरिना ने जीते मुकाबले



उत्तर उजाला संवाददाता

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-16 जिला लीग में गुरुवार को तीन मुकाबले खेले गए। कोर्बेट मैदान चकलुवा में रामनगर कोल्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 41ओवर में सभी विकेट खोकर 143 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हल्द्वानी क्रिकेट फाउंडेशन ने निर्धारित लक्ष्य को 36 ओवर में पूरा कर मैच को 1 विकेट से जीत लिया। दूसरा मुकाबला एमएस मैदान गौलापार में डीके स्पोर्ट्स और हिमालयन क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया। डीके स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाये। जवाब में उतरी हिमालयन क्रिकेट एकेडमी ने लक्ष्य को 44 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर पूरा कर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए गोविंद भंडारी ने 84 रनों की शानदार पारी खेली। तीसरा मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना के मैदान कमलुवागांजा में जीएनजी एकेडमी और हल्द्वानी क्रिकेटर्स क्लब के मध्य खेला गया। हल्द्वानी क्रिकेटर्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी एरिना की टीम ने लक्ष्य को 21 ओवर में पूरा कर मैच को 9 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए लक्ष्य राज चंदानी ने 80 रनों की शानदार पारी खेली। इससे पूर्व मैच का सुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता साकेत अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान सीएयू के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, कोऑर्डिनेटर किशन अनेरिया, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल, गिरीश मेलकानी, जगमोहन बगड़वाल, सुनील साह, दिग्विजय कनवाल, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट, निश्चल जोशी, नरेंद्र तिवारी, दिलीप रावत आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव का आरोप

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने नगर निगम और प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अतिक्रमण हटाओं अभियान में भेदभाव किया गया तो व्यापार मंडल इसका पुरजोर विरोध करेगा। संगठन के जीएसटी प्रभारी डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने कहा कि व्यापार मंडल ने शारदा मार्केट के अतिक्रमण पर सिटी मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त को कई बार कहा है लेकिन दोनों अधिकारियों द्वारा इसे अनदेखा किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा पटेल चोक और मीरा मार्ग में नगर निगम अपनी खाली पड़ी जमीन से अतिक्रमण हटाये और उसमे दो पहिया पार्किंग बनाये। इस सम्बंध में सारी वस्तुस्थिति से कुमाऊं कमिश्नर और जिलाधिकारी को भी अवगत करवाया जायेगा। विरोध में केंद्रीय संयोजक धर्मप्रकाश यादव, सुभाष मोंगा, राजेन्द्र फर्स्वाण, पूरन लाल साह, देवेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विरेंद्र गुप्ता, पीयूष गोयल, ऋषभ पाठक, मनोज जोशी, नूसरत सिद्दीकी, असमित गुजराल, धरमू बोस, कुन्दन रावत, नितेश थुवाल आदि हैं।

## पहाड़पानी में ओलावृष्टि से फल-सब्जियों को भारी नुकसान

**भीमताल।** धारी ब्लॉक के मजयूली, पहाड़पानी, महतोलिया गांव, नदगल, दीनी तल्ली, दीनी मल्ली आदि गांवों में गुरुवार को जबरदस्त बारिश व ओलावृष्टि से काश्तकारों के फलों व सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। बेमौसमी बारिश ने काश्तकारों की कमर तोड़ दी है। ओलावृष्टि से पूलम, आड़ू, खुमानी व सेब झड़ गये हैं। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा व प्रताप बर्गली ने बताया कि बेमौसमी ओलों से पहले ही किसान परेशान थे, उनकी फसलें बर्बाद हो चुकी थी, गुरुवार को हुई ओलावृष्टि ने फलों समेत गोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, बीन की पौध बर्बाद हो चुकी है। फल दागी हो चुके हैं। काश्तकारों की आर्थिकी पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। उन्होंने सरकार से तत्काल काश्तकारों को उनके नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। विशेष कृषि नीति इन क्षेत्रों के लिए घोषित करने के लिए अतिशीघ्र काश्तकारों के शिष्टमंडल के साथ राज्यपाल से मिला जायेगा।

# जिला बार पदाधिकारियों ने ली शपथ



जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलातीं जिला जज

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजाता सिंह ने शपथ दिलाई। जिसके बाद नवनियुक्त कार्यकारणी ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। जिला जज ने जिला बार के अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी, सचिव भानु प्रताप मौनी, उपाध्यक्ष प्रदीप परगाई, संयुक्त सचिव दीपक दानू सहित कार्यकारणी सदस्य मुन्नी आर्या, सरिता बिष्ट, किरन आर्या, मोहम्मद खुर्शीद हुसैन, जितेंद्र बंगारी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला जज सुजाता सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुये बार व बेंच के बीच सामंजस्य बनाये रखने की अपील की। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी ने कहा कि अधिवक्ताओं ने जिस उम्मीद के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है उस कसौटी पर सौ फीसदी खरा उतरा जाएगा। कहा कि वे हमेशा अधिवक्ता हित को आगे रखकर ही कार्य करेंगे। सचिव भानु प्रताप मौनी ने कहा कि वह सभी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर अधिवक्ता कल्याण के लिये कार्य करेंगे। कार्यक्रम में प्रथम अपर जिला जज अजय चौधरी, परिवार न्यायाधीश सुबीर कुमार, सीजेएम रमेश सिंह, सीनियर सिविल जज पुनीत कुमार, एसीजेएम ज्योत्सना सिंह, सिविल जज बीनू गुलयानी, तनुजा कश्यप, रुचिका गोयल, आयशा फरहीन, पूर्व अध्यक्ष नीरज साह, संजय सुयाल, दीपक रुबाली, हरिशंकर कंसल, ओंकार गोस्वामी, राजेन्द्र कुमार पाठक, राजेश चंदोला, बीएस पाल, प्रताप सिंह मौनी, एमबी ढेला, अरुण बिष्ट, अशोक मौलेखी, पंकज कुमार, मान सिंह बिष्ट, ज्योतिप्रकाश सिंह बोरा, प्रमोद बहुगुणा, बीके सांगुड़ी, हरीश भट्ट, अखिलेश साह, सुशील कुमार शर्मा, पंकज बिष्ट, एमए खान, संजय त्रिपाठी, आनंद सिंह, कैलाश जोशी, पुलक अग्रवाल, दुर्गा सिंह मेहता, भुवन चंद्र जोशी, अनिल बलवंत सिंह थलाल, राम सिंह रौतेला, दया किशन पोखरिया, भगवत प्रसाद, तरुण चंद्रा, शिवांशु जोशी, संजय मेर, मोहम्मद अबरार, सोहन तिवारी, राजेन्द्र कुमार भैसोड़ा, उमेश कांडपाल, मनीष भट्ट, रवि कुमार, नीलेश भट्ट संजय बिष्ट, निर्मल कुमार, मंजू कोटलिया, प्रीति साह, पूजा साह, हेमा शर्मा, स्वाति बोरा, कमला अधिकारी, हेमा बहुगुणा आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय श्रम आयुक्त, श्रम विभाग**
**श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी**

कार्यालय उप श्रम आयुक्त, हल्द्वानी के अन्तर्गत शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ मासिक किराए पर 02 वाहन (01 M.U.V. कार White XL-6(BS-6) एवं 01 S.U.V. वाहन Bolero-Neo White, BS-6 माडल अथवा समकक्ष) लिए जाने हेतु सीलबंद निविदा आमन्त्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत निविदा प्रपत्र, शर्तें श्रम विभाग की अधिकारिक वेबसाईट www.labour.uk.gov.in में दिनांक 02.06.2023 को 02.00 P.M. से देखी जा सकती है।

**श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड**


# एनसीसी कैडेट्स ने की नैनी झील की सफाई



नैनी झील की सफाई करते एनसीसी कैडेट्स

**नैनीताल।** 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल के तत्वावधान में पुनीत सागर अभियान के तहत नैनी झील व उसके आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एनसीसी के 120 कैडेट्स व अधिकारियों ने नैनी झील और नैना देवी मंदिर के आसपास सफाई की। नैनी झील व आसपास से लगभग 150 किलोग्राम कचरा एकत्र कर इसका निस्तारित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। कैडेट्स ने पोस्टर के माध्यम से स्थानीय जनता व पर्यटकों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस मौके पर 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंद्र विजय नेगी ने कहा कि जल संरक्षण समय की मांग है और जल से जुड़ी संरचनाओं को बचाया जाना आवश्यक है। ऐसे में छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नैनी झील की सफाई हम सबकी जिम्मेदारी है और कैडेट्स अपनी भूमिका को बखूबी निभा रहे हैं। कार्यक्रम में सब ले. गोविन्द सिंह बोरा, शैलेन्द्र चौधरी, नवीन धुसिया, चीफ इंस्ट्रक्टर सुनीत बलूनी, पैटी ऑफीसर शिवराज सिंह वर्मा, आरके गुर्जर, सुन्दर सिंह धामी, कर्मवीर यादव, कमलेश बोरा, शेर सिंह, उमेश पुजारी आदि उपस्थित थे। पुनीत सागर अभियान में डीएसबी परिसर, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, शहीद मेजर राजेश अधिकारी जीआईसी, सीआरएसटी इंटर कॉलेज व गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक नैनीताल के कैडेट्स शामिल रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक-0335/X-6 दिनांक: 01.06.2023

**नोटिस**

1. श्रीमती उमा साह प. स्व. ललित मोहन साह एवं श्री अशोक साह पु. स्व. श्री जानकी लाल साह निवासीगण 18, बड़ा बाजार मल्लीताल, नैनीताल। 2. श्रीमती सावित्री साह एवं श्री जितेन्द्र साह प./पुत्र स्व. श्री भुवन लाल साह निवासी-कमेटी लाईन, मल्लीताल, नैनीताल। 3. श्री कमल चन्द्र साह एवं नीता साह पु./पुत्री स्व. श्री कैलाश चन्द्र साह निवासीगण हरिपुर सुखा, मानपुर पश्चिम, रामपुर रोड, हल्द्वानी 263139 जिला नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) के अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र संख्या 7 भवन सं. 18 बड़ा बाजार, मल्लीताल नैनीताल स्थित सम्पत्ति का 1/5 भाग जो कि पालिका अभिलेखानुसार स्व. श्री मनोहर लाल साह की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस पुत्र श्री कैलाश चन्द्र साह एवं श्री भुवन लाल साह पुत्रगण स्व. श्री मनोहर लाल साह के नाम से दर्ज है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चत किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त सम्पत्ति की स्वामी श्री कैलाश चन्द्र साह एवं श्री भुवन लाल साह पुत्रगण स्व. श्री मनोहर लाल साह की मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र एवं इनके वारिसानों के उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र अनापत्ति शपथ पत्र के आधार पर इनके वर्तमान उत्तराधिकारी श्रीमती उमा साह प. स्व. श्री ललित मोहन साह एवं श्री अशोक साह पु. स्व. श्री जानकी लाल साह का नाम पालिका अभिलेखों में स्वामी के रूप मे दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो तो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामिल के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें तथा अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो, का अधिप्रमाणीकरण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

**विद्युत वितरण मण्डल, सुभाषनगर, हल्द्वानी (नैनीताल)**

पत्रांक: 1315/वि.वि.म. (ह)/ ई- निविदा प्रकाशन दिनांक- 31-05-2023

| क्र. सं. | ई- निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र मूल्य जीएसटी सहित (रु.) (बैंक ड्राफ्ट) | धरोहर धनराशि (रु. में) (एफडीआर /सीडीआर | ई-निविदा क्रय करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ई.डी.सी. /ई-निविदा 08/2023-24 | विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपसंस्थान टीपी नगर का परिचालन/अनुरक्षण व एल.टी./एच.टी. विद्युत वितरण प्रणाली रख-रखाव/ब्रेक डाउन क्षतिग्रस्त परिवर्तकों/पोलों को बदलने एवं उपभोक्ता शिकायतों के निवारण कार्य निविदा विशिष्टि के अनुसार। | 2360.00 | 75000.00 | 16/06/2023 (17.00 बजे तक) | 17/06/2023 (12.00 बजे तक) |
| 2. | ई.डी.सी. /ई-निविदा 09/2023-24 | विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपसंस्थान फूलचौड़ का परिचालन/अनुरक्षण व एल.टी./एच.टी. विद्युत वितरण प्रणाली रख-रखाव/ब्रेक डाउन क्षतिग्रस्त परिवर्तकों/पोलों को बदलने एवं उपभोक्ता शिकायतों के निवारण कार्य निविदा विशिष्टि के अनुसार। | 2360.00 | 75000.00 | 16/06/2023 (17.00 बजे तक) | 17/06/2023 (12.00 बजे तक) |
| 3. | ई.डी.सी. /ई-निविदा 10/2023-24 | विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपसंस्थान कटघरिया का परिचालन/अनुरक्षण व एल.टी./एच.टी. विद्युत वितरण प्रणाली रख-रखाव/ब्रेक डाउन क्षतिग्रस्त परिवर्तकों/पोलों को बदलने एवं उपभोक्ता शिकायतों के निवारण कार्य निविदा विशिष्टि के अनुसार। | 2360.00 | 75000.00 | 16/06/2023 (17.00 बजे तक) | 17/06/2023 (12.00 बजे तक) |
| 4. | ई.डी.सी. /ई-निविदा 11/2023-24 | विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपसंस्थान धौलाखेड़ा का परिचालन व उक्त उपसंस्थान से संबंधित 11 के.वी./एल.टी. विद्युत वितरण प्रणाली तथा उपसंस्थान की 33 केवी इनकमिंग लाईन का अनुरक्षण व रख-रखाव/वर्षान्तर्गत 11/0.4 केवी के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों/पोलों को बदलने एवं उपभोक्ता शिकायतों के निवारण कार्य निविदा विशिष्टि के अनुसार। | 2360.00 | 78000.00 | 16/06/2023 (17.00 बजे तक) | 17/06/2023 (12.00 बजे तक) |
| 5. | ई.डी.सी. /ई-निविदा 12/2023-24 | विद्युत वितरण खण्ड रामनगर के अन्तर्गत के.सी.सी. (5 किलोवाट से 75 किलोवाट तक) के उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग, एमआरआई एवं एनालिसेस का कार्य निविदा विशिष्टि के अनुसार। | 1180.00 | 53000.00 | 16/06/2023 (17.00 बजे तक) | 17/06/2023 (12.00 बजे तक) |
| 6. | ई.डी.सी. /ई-निविदा 13/2023-24 | विद्युत वितरण खण्ड रामनगर के अन्तर्गत सोलर, सरकारी नलकूप, जल संस्थान एवं एसटीडब्ल्यू, पीटीडब्ल्यू उपभोक्तओं की मीटर रीडिंग, एमआरआई एवं एनालिसेस का कार्य निविदा विशिष्टि के अनुसार। | 1180.00 | 7000.00 | 16/06/2023 (17.00 बजे तक) | 17/06/2023 (12.00 बजे तक) |

**निविदा भाग-1 में पी.क्यू. आर. की शर्तें पूर्ण करने वाले निविदाकार का ही भाग-2 अलग से तिथि निर्धारित करते हुए खोला जायेगा।**
कार्य की मदें एवं शर्तें विभागीय वेबसाइट https:// uktenders. gov.in पर देखी जा जा सकती हैं।

''**राष्ट्रहित में बिजली बचायें**'' 'विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं' **Customer Care Toll Free No. 18004190405**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल, हल्द्वानी**


# जन्मजात पैरों की विकृति को किया जा सकता है ठीक

### कार्यशाला में प्रोफेसर डा. धर्मशक्तू ने दी क्लबफुट की जानकारी



उत्तर उजाला संवाददाता

**हल्द्वानी।** विश्व क्लब फुट दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग द्वारा गुरुवार को कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता अस्थि रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. गणेश सिंह धर्मशक्तू ने क्लबफुट विषय की जानकारी दी। डा. गणेश सिंह ने कहा कि क्लब फुट जन्मजात पैरों की विकृति होती है जिसमें पैर अंदर मुड़े होते हैं। यह विकलांगता का प्रमुख कारण है जिसे सही इलाज से ठीक किया जा सकता है। कार्यशाला में डा. गणेश सिंह ने मेडिकल कॉलेज द्वारा संचालित क्लब फुट क्लीनिक के क्रियाकलापों व अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लब फुट दिवस डा. पोन्सेटी के जन्मदिन पर मनाया जाता है। डा. पोन्सेटी द्वारा इजाद की गई प्लास्टर विधि सबसे उत्तम इलाज की विधि बतायी गयी है जो कि वर्तमान में पूरे विश्व में प्रचलित है। उन्होंने ने टीमवर्क द्वारा मरीजों के सफलतापूर्वक इलाज के बारे में व क्योर इंटरनेशनल संस्था के सहयोग से साप्ताहिक क्लीनिक के स्थापना से लेकर अब तक के कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष टीबी एवं श्वास रोग विभाग डा. राम गोपाल नौटियाल, विभागाध्यक्ष अस्थि रोग विभाग डा. पंकज सिंह, डा. हरिशंकर पाण्डेय, डा. संदीप अग्रवाल, डा. नवनीत अधिकारी, डा. ईश्वर समेत रेजीडेण्ट चिकित्सक, पीजी व एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## फांसी पर लटका मिला होटल कर्मी

**भीमताल।** खुटानी में स्थित एक होटल कर्मचारी का शव बुधवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में होटल की छत पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। होटल कर्मी का शव मिलने पर भीमताल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल शव भेज दिया। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि होटल कर्मी सूरज थापा (19) पुत्र राम बहादुर निवासी वार्ड नंबर एक लाहौरपुर जिला बदरिया नेपाल और वर्तमान में भीमताल निवासी का शव होटल की छत पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था। बताया कि पृथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस के पास परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।

## राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक में प्रतिभाग करेंगे करन

**कालाढूंगी।** राष्ट्रीय स्तर की एथलीट प्रतियोगिता में ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला में अध्ययनरत करन कुमार प्रतिभाग करेगा। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक मनमोहन बसेड़ा ने बताया कि ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र करन कुमार का उत्तराखंड की स्कूली सीनियर एथलेटिक टीम में चयन हुआ है। राज्य स्तर की हल्द्वानी में आयोजित एथलेटिक प्रतियोगिता ऊंची कूद में करन कुमार ने पदक प्राप्त कर टीम में जगह बनाई थी। 6 जून से भोपाल के मध्यप्रदेश में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की सीनियर एथलेटिक प्रतियोगिता में करन कुमार प्रतिभाग करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक फादर शेखर, प्रभारी प्रधानाचार्य सुखराम चंद, दीपिका बधानी, कमलकांत जोशी, रेनू बिष्ट, रीना कंबोज, भुवन बिष्ट, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एरिक पीटर फ्रांसिस मसीह, सिस्टर सुवर्णा, सिस्टर गोरेटी आदि ने बधाइयां दी।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र आदिल एवं पुत्रवधु अलीशा से, उनके द्वारा घर परिवार में हर समय लड़ाई-झगड़ा, अभ्रद व्यवहार, गाली गलौच बकने एवं पुत्रवधु अलीशा द्वारा आत्महत्या कर झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी देने से परेशान होकर, हमेशा के लिए सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा अपनी चल-अचल सम्पत्ति से भी दोनों को बेदखल कर दिया है। आज से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का उक्त दोनों से किसी प्रकार का कोई रिश्ता नाता नहीं रहा है। उक्त आदिल एवं अलीशा द्वारा किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का लेन देन तथा गैर कानूनी कार्य करने की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इसरार अहमद पुत्र इशाक, निवासी वार्ड नं. 14, इन्द्रानगर हल्द्वानी जनपद नैनीताल। मो.नं. 9927085372 दिनांक 01.06.2023**